दिन– रविवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 06／10／2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 05 मिनट

---

गर्भाशय के मुख के कैंसर यानी सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए आज से विशेष टीकाकरण अभियान की शुरूआत हुई। इसके तहत नौ से चौदह वर्ष के आयु वर्ग की बच्चियों को टीका दिया जायेगा। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय की उपस्थिति मे आज एचपीवी टीकाकरण की शुरूआत हुई। राज्य में मुख्यमंत्री बालिका कैंसर टीकाकरण अभियान के तहत एक करोड़ बच्चियों के टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है।

———————————————————————

राज्य में बाढ प्रभावित जिलों में फसल क्षतिपूर्ति के लिए आज से आवेदन लेने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। कृषि विभाग के अनुसार इसके लिए दो सौ करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया गया है। किसानों को तैंतीस प्रतिशत से अधिक फसल क्षति पर अनुदान राशि मिलेगी। इसमें सिंचिंत क्षेत्र के किसानों को प्रति हेक्टेयर सत्रह हजार और असिंचिंत क्षेत्र में पचासी सौ रूपये की राशि मिलेगी। विभाग ने कहा है कि पोर्टल पर आए हुए आवेदनों की जांच कृषि समन्वयक करेंगे। दूसरे चरण में गंगा और कोसी सहित अन्य नदियों में बाढ से हुयी फसल क्षति के आवेदन लिए जायेंगे। लोग डीबीटी एग्रीकल्चर डॉट बिहार डॉट जीओवी डॉट इन वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते है।

———————————————————————

प्रदेश में अब भी कुछ जिलों में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। बागमती और अधवारा समूह की नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी से सीतामढ़ी और दरभंगा जिले के कई नए इलाके बाढ की चपेट में आ गये हैं। लखनदेई नदी के जलस्तर में अचानक बढ़ोतरी होने से सीतामढ़ी जिले के बथनाहा, डुमरा और रून्नीसैदपुर प्रखंडों के कई निचले इलाके जलमग्न हो गए हैं। बड़ी संख्या में बाढ़ से विस्थापित लोग राष्ट्रीय राजमार्ग और उंचे स्थानों पर शरण लिए हुए है। राज्य में अठारह जिलों के इक्यानवें प्रखंडों में लगभग उन्नीस लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हुए है। बाढ़ को देखते हुए राहत और बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की तैंतीस टीमों को तैनात किया गया है।

————————————————————————

गंगा और सोन नदी के जलस्तर में अधिकांश स्थानों पर जलस्तर में तेजी से गिरावट हो रही है। गंगा नदी का जलस्तर दीघाघाट, गांधीघाट और हाथीदह में खतरे के निशान से नीचे आ गया है। सोन नदी का जलस्तर इन्द्रपुरी और कोइलवर में स्थिर बना हुआ है। वहीं, पुनपुन नदी का जलस्तर भी श्रीपालपुर, गौरीचक और पुनपुन रेलपुल के पास खतरे के निशान से नीचे आ गया है। उत्तर बिहार में बागमती, कमला और अधवारा समूह की नदियों के जलस्तर में उतार–चढ़ाव जारी है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोसी और गंडक नदी के जलस्तर में कमी आ रही है।

————————————————————————

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान लखीसराय, बेगूसराय, नवादा और शेखपुरा जिले में अगले चौबीस घंटो के दौरान तेज बारिश का संभावना जताई है। इस दौरान वज्रपात को लेकर भी चेतावनी जारी की है। इधर, राज्य के कई हिस्सो में छिट–पुट बारिश दर्ज की गई है। सबसे अधिक एकसठ मिलीमीटर वर्षा भागलपुर मे दर्ज की गई। वहीं, नालंदा, पूर्णियां और कटिहार में हल्की से मध्यम वर्षा हुई है।

————————————————————————

शारदीय नवरात्र के चौथे दिन आज माँ दुर्गा के कुष्माण्डा स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। हिन्दू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार देवी का यह स्वरूप कष्टों और संकटों से मुक्ति दिलाता है। प्रदेश भर में सुबह से ही मंदिरों और शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है।

———————————————————————

अररिया पुलिस ने छापामारी अभियान चलाकर एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। उसपर गलत तरीके से पासपोर्ट बनाकर भारतीय सीमा में प्रवेश करने का आरोप है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान नवाब के रूप में हुई है।

बेगूसराय नगर निगम की उप–महापौर अनिता राय ने मौजूदा महापौर पर नगर क्षेत्र में विकास कार्यों के अनदेखी करने का आरोप लगाया है।

———————————————————————

समाप्त